# यूपी के 50 पॉलीटेक्निक में इंक्युबेशन सेंटर बनेंगे

**एकेटीयू**

लखनऊ, संवाददाता। एकेटीयू के इनोवेशन हब की ओर से प्रदेश के 50 पॉलीटेक्निक में इंक्युबेशन सेंटर बनाए जाएंगे। जिससे कस्बों व ग्रामीण इलाकों में रहने वाले विद्यार्थियों के भीतर इनोवेशन और स्टार्टअप की ललक जगाई जा सके।

एकेटीयू के इनोवेशन हब ने प्रदेश में स्टार्टअप और इनोवेशन बढ़ाने के लिए सभी पॉलिटेक्निक कॉलेजों के प्रधानाचार्यों से इंक्युबेशन सेंटर खोलने के लिए आवेदन मांगे थे। जिससे पॉलीटेक्निक में पढ़ने वाले छात्र नवाचार और उद्यमिता का पाठ पढ़ सकें। इसे लेकर 18 अक्टूबर को कुलपति प्रो. जेपी पांडेय और प्राविधिक शिक्षा के प्रमुख सचिव एम देवराज की अगुवाई में सभी पॉलीटेक्निक कॉलेजों के प्रधानाचार्यों संग मीटिंग भी की गई थी। जिसमें प्रधानाचार्यों को इंक्युबेशन सेंटर की स्थापना के लिए जरूरी जानकारी संग आवेदन करने के लिए कहा गया था। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि अब तक प्रदेश के 50 से ज्यादा पॉलीटेक्निक कॉलेजों ने इंक्युबेशन सेंटर की स्थापना के लिए आवेदन किया है।